तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

13 सशक्त महिला राष्ट्र की बड़ी ताकत : रश्मि



14 महानदी की स्वच्छता के लिए विधायक की बड़ी...





## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक 13 जनवरी को 12 बजे स्थानीय विश्राम गृह छुरा में रखा गया है, जिसमे पार्टी से नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। बैठक में मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने सभी कार्यकताओं से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### ग्राम कन्हेरा में कल मड़ई का आयोजन

**अभनपुर।** ग्रामवासियो के सहयोग से ग्राम कन्हेरा मे प्रतिवर्षानुसार मक र संक्राति अवसर पर मंडाई मिलन समारोह का आयोजन 14 जनवरी बुधवार को रखा गया है। सरपंच भानुप्रताप साहू ने जानकारी देते बताया कि समारोह मे विधायक,पूर्व विधायक,जिपं.सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगे। रात्रिकालिन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर मयारू बेटा भाठागांव बालोद की प्रस्तुति होगी।

### ग्राम केंद्री में कल मड़ई का आयोजन

**अभनपुर।** हर वर्ष की भांति ग्राम केन्द्री मे मंडाई मिलन समारोह का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को संपन्न होगा। सरपंच नेतराम साहू ने बताया कि रात्रिकालिन कार्यक्रम अजयमाला खोडवा नाचा पार्टी भर्रीटोला कांकेर की प्रस्तुति होगी।

### परसुली से बनियातोरा पहुंच मार्ग के लिए भूमिपूजन आज

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम आश्रित ग्राम बनियातोरा पहुंच मार्ग एवं सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम 13 जनवरी मंगलवार को प्रातः 11 बजे से रखा गया है। भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि में ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक, अल्का चंद्राकर डायरेक्टर इस्पात नई दिल्ली, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, दुबेलाल साहू, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, इत्यादि होंगे।

### सेलून संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** सेलून संचालक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सेलून संचालक व गुडरुपारा निवासी मनोज सेन 11 जनवरी को करीबन 3 बजे गुडरूपारा हॉस्टल के पास पहुंचा था, तभी रास्ते में कुटु यादव ने गाली गलौज किए हो कहते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद उसके दुकान पहुंचकर भी आरोपी ने गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# साप्ताहिक बाजार के लिए स्थाई ठिकाना नहीं, एनएच किनारे शिफ्ट होने से लग रहा जाम

## बाजार रावणभाठा मैदान में शिफ्ट होने से यातायात हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद में साप्ताहिक सब्जी बाजार के लिए अब तक कोई स्थाई स्थान निर्धारित नहीं किया जा सका है। हाल ही में प्रशासन द्वारा बाजार को मंडी परिसर से हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से लगे रावणभाठा मैदान में स्थानांतरित किया गया है। शुक्रवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार में भारी संख्या में खरीदारों और विक्रेताओं की भीड़ उमड़ने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बाजार के दौरान एनएच पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ जाती है। सब्जी खरीदने आने वाले लोग अपने दोपहिया वाहन सड़क के किनारे खड़े करने को मजबूर हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है।



### स्थाई स्थल चिन्हित किया जाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार शहर की जरूरत है, लेकिन इसके लिए स्थाई और सुव्यवस्थित स्थान नहीं होने से आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सब्जी बाजार के लिए जल्द एक स्थाई स्थल चिन्हित किया जाए, जहां पार्किंग और यातायात की समुचित व्यवस्था हो, ताकि सड़क पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके। गरियाबंद में साप्ताहिक सब्जी बाजार को कई मर्तबा एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा चुका है, जिससे नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों और बाहर से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं स्थाई व्यवस्था के अभाव में अव्यवस्था बनी रहती है।

भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग को देखते हुए पुलिस प्रशासन को मौके पर जवानों की ड्यूटी लगानी पड़ी है, ताकि यातायात सुचारू रखा जा सके। मालूम हो कि साप्ताहिक सब्जी बाजार हालही के दिनों में मंडी परिसर में लगता था, लेकिन धान खरीदी प्रभावित न हो, इसे देखते हुए एक बार फिर साप्ताहिक सब्जी बाजार को अन्यत्र भेजा गया है। इसके पहले सब्जी बाजार गांधी मैदान और जनपद पंचायत के सामने अटल बाजार के पीछे की जगह में भी भेजा गया था, जिसके बाद पर्याप्त जगह और किसी तरह से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए मंडी परिसर में कई महीनों से साप्ताहिक सब्जी बाजार संचालित हो रहा था, जिसे एक बार फिर हटा दिया गया है।

## मांग : बिजली लगाने की मांग, लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित

# राजापड़ाव अंचल के हजारों ग्रामीणों ने घेरा हाईवे, 30 किमी तक लगा वाहनों का रेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला अंतर्गत आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के 08 ग्राम पंचायतों के 50 से ज्यादा पाराटोला के ग्रामीणों द्वारा आजादी के बाद से अब तक गांव में बिजली लगाने की मांग को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन और अफसरों को आवेदन निवेदन करते थक चुके है। आवेदन निवेदन के बाद जब ग्रामीणो की समस्याओ का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार सुबह 8 बजे से लगभग 5 हजार से ज्यादा ग्रामीण महिला पुरूश बच्चे नेशनल हाइवे 130 सी रायपुर मैनपुर देवभोग गरियाबंद मार्ग में राजापड़ाव के पास चक्काजाम प्रारंभ कर दिये। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणो को गरियाबंद के अपर कलेक्टर पंकज डहरे, एसडीएम मैनपुर रामसिंह सोरी, एसडीओपी ओमप्रकाश खुजुर, वन विभाग के एसडीओ जे पी दर्रो, जनपद पंचायत के सीईओ डी एस नागवंशी, बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा ▶▶|शेष पेज 12 पर





### चक्काजाम में फंसे सैकड़ों वाहन, हजारो लोग जंगल में हो रहे परेशान

नेशनल हाइवे में अनिश्चितकालीन चक्काजाम के चलते बरढुला, बोईरगांव, झरियाबहरा, पेण्ड्रा, कोदोमाली, तौरेंगा, जुगाड़, बम्हनीझोला, इंदागांव तक 30 किमी दोनों तरफ वाहनों की लंबी काफिला लगी हुई है। वहीं ओड़िशा मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है जिसके कारण हजारों यात्री फंसे हुए है और परेशान हो रहे है यात्री भी लगातार चक्काजाम समाप्त करने की इंतिजार में लगे है तो 50 से ज्यादा स्कूलों में आज पूरी तरह पढ़ाई प्रभावित हो गई है। अधिकांश शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच पाए जिसके चलते कई स्कूल के ताले नहीं खुले तो दूसरी ओर जो स्कूल खुले वहां बच्चे पढ़ाई करने नहीं पहुंचे क्योकि पालकों के साथ बच्चे भी आंदोलन में शामिल होने पहुंच गये और तो और दूधमुंहे बच्चों को लेकर महिलाएं नारेबाजी करते दिखे।



### आश्वासन के बाद स्थगित

लिखित आश्वासन के बाद 15 घंटे पश्चात रात 10:00 बजे के आसपास चक्काजाम स्थगित किया गया। अभी भी जाम लगी हुई है एक साथ सभी वाहनों को निकलने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगेगा वही चक्काजाम में शामिल होने 30 -35 किलोमीटर दूर से पहुंचे ग्रामीण सड़क किनारे तंबू में रात बिताएंगे।

### अफसरों के झूठे आश्वासन से थक चुके, आर पार की लड़ाई : संजय

चक्काजाम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत के सदस्य संजय नेताम ने कहा की डेढ़ माह पहले प्रशासन को ज्ञापन देकर चक्काजाम की सूचना दे चुके थे। उन्होने कहा की 08 ग्राम पंचायतो के तीन ग्राम पंचायत क्षेत्र में आधे-अधूरे बिजली लगाई गई है और आश्रित ग्रामों में आज तक बिजली नहीं पहुंची है। बिजली के खंभे लगा दिए है लेकिन तार नहीं लगाया गया है। 05 पंचायत के 30 से ज्यादा गांवों में आज तक बिजली नहीं लगा है हर बार अफसरों के द्वारा झुठा आश्वासन दिया जाता रहा है अब जनता उनके छल में नहीं आने वाले है जब तक ठोस लिखित में नहीं दिया जाता है तब तक यह चक्काजाम अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। यह लड़ाई हजारो ग्रामीणो एवं प्रशासन के बीच आर पार की लड़ाई है।

### मनरेगा को खत्म करने की सुनियोजित साजिश का कांग्रेस करेगी विरोध



**अभनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंद्री में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर एवं नवापारा के तत्वावधान में मनरेगा बचाव जन चौपाल एवं एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनरेगा को समाप्त करने की सुनियोजित साजिश के तहत नया विधेयक लाया गया है, जो गरीब एवं मजदूर वर्ग के काम के अधिकार को खत्म कर देगा। राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर इस जनकल्याणकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण विकास ठप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब-मजदूरों के अधिकारों, रोजगार की गारंटी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम हटाने ▶▶|शेष पेज 12 पर

# अश्लील आयोजन मामले में 14 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



हरिभूमि फॉलोअप

गरियाबंद जिले के मैनपुर उरमाल में आयोजित अश्लील कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आयोजन समिति से जुड़े 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ शांति भंग करने और सार्वजनिक स्थलों पर अश्लीलता फैलाने से संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में देवेंद्र राजपूत (31), गोविंद देवांगन (21), नरेंद्र साहू (38), खसन खान (53), हरदयाल नागेश (50), मुकेश अग्रवाल (40), लाल कृष्ण कश्यप (27), राजेश कश्यप (36), सचिन कश्यप (24), लीलाधर साहू (50), ललित कौशिक (38), विकास यादव (32), जम्बूधर (40) और उमेश यादव (25) शामिल हैं। सभी आरोपियों को देवभोग एसडीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति बनी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की गई है। अब तक लापरवाही के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। वहीं, मैनपुर एसडीएम तुलसी दास मरकाम के खिलाफ भी आज से जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील गतिविधियों और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। मामले की जांच जारी है।

# उमरपोटी में हुआ आरएसएस शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

उमरपोटी में बड़े ही उत्साह के साथ विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें हिंदू समाज ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक मंडल जिला व प्रांत स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू समाज को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जिसका उद्देश्य पांच परिवर्तन को लेकर हिंदू समाज को जागरूक और संगठित करना है जिससे समाज सक्षम और समृद्ध बने और पांच परिवर्तन के मार्ग पर आगे बढ़कर हिंदू राष्ट्र की ओर देश आगे बढ़े। श्री पटेल ने कहा कि समाज को आज संगठित करने की आवश्यकता है हिन्दू समाज सदैव से ही अपने गौरव से रहा है स्वयं से किसी की अधीनता स्वीकार नहीं किया है संघर्ष शील समाज रहा है आज भी हिंदू अपने खतरा को भाप करके आगे बढ़ रहा है। और






आध्यात्मिक उन्नति और आर्थिक उन्नति में देश आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ माताएं ,बहने कलश सजाकर यात्रा में शामिल हुए। 3 कुंडीय गायत्री यज्ञ नन्दकुमार साहू और घनश्याम साहू द्वारा सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में वक्ता उदबोधन की शुरूआत ललिता मैडम पूर्व प्राचार्य हरिहर हॉयर सेकेंडरी स्कूल नवापारा के द्वारा किया गया। जिसके द्वारा पंच परिवर्तन को विस्तृत रूप से समझाया गया और पंच परिवर्तन के उद्देश्यों को नागरिकों से पालन करने की बात कही गई। साथ ही अजीत वर्मा रायपुर ग्रामीण सेवा प्रमुख के द्वारा कहा गया कि आर एस एस विगत 100 वर्षों से मां भारती की अनवरत सेवा में लगे हुए हैं। आभार सरपंच पीकेश्वर सिन्हा ने किया। अतिथियों का सम्मान शॉल श्री फल से हुआ। अतिथियों को ललिता अग्रवाल द्वारा कुबेर के पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष नागवंशी, योगी साहू,राम प्रसाद, हेमप्रकाश सिन्हा, मुरली यादव,प्रदीप साहू, दुष्यन्त साहू, गजानंद तारक, द्रोण पटेल, उदे राम सिन्हा, परमेश्वर मनहारे, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कचना धुरुवा महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

# युवा शक्ति ही समाज में ला सकती है सकारात्मक परिवर्तन : कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की सोच और उनकी कार्यक्षमता पर निर्भर करती है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। यह बातें कचना धुरवा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं। महाविद्यालय के प्राध्यापक व पूर्व स्वयंसेवक विनोद यादव ने ऐतिहासिक संदर्भ साझा करते हुए बताया कि भारत सरकार ने 1984 में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसका प्रथम आयोजन 12 जनवरी 1985 को किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी का दर्शन भारतीय युवाओं के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत है।






**वर्ष 2026 की थीम: शिक्षा और रोजगार-** क्रीड़ा अधिकारी तरुण निर्मलकर ने बताया कि इस वर्ष 2026 की थीम युवाओं की शिक्षा और रोजगार पर आधारित है। यह थीम युवाओं के नवाचार और कौशल विकास पर जोर देती है, ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। वहीं, सांस्कृतिक प्रभारी निर्मला यादव ने स्वामी जी के 1893 के शिकागो व्याख्यान का स्मरण कराते हुए उनके आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डाला।

**स्वयं पर विश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी-** महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तेजस्वी यादव ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को स्वामी जी के बताए 'लोहे की मांसपेशियां और फौलाद की नसें' जैसे विचारों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने चरित्र निर्माण और सेवा भावना को ही वास्तविक जीवन बताया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्राध्यापक पीके यादव, कैलाश साहू, आरती साहू, देवेंद्र भारती, धनराज ध्रुव, तिलेश्वरी साहू, दुमेश्वर यदु, टिकेश निर्मलकर सहित रासेयो के स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ आत्मानंद स्कूल में गूंजे स्वामी विवेकानंद के आदर्श

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से परिचित कराना एवं उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर भाषण, रंगोली एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, पार्षद रेनुका साहू एवं मधु देवांगन सहित वरिष्ठ नागरिक केके निर्मलकर उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उक्त विधाओं में भाषण में प्रथम स्थान भावेष साहू, द्वितीय नीलिमा सिन्हा एवं तृतीय सौरभ सोनी, रंगोली में प्रथम स्थान तारणी यादव, द्वितीय कल्पना यादव एवं तृतीय इंद्राणी इसी प्रकार काव्य पाठ में प्रथम स्थान विद्या ▶▶|शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता रामूराम साहू का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया

**फिंगेश्वर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रामूराम साहू का अवतरण दिवस सोमवार को मनाया गया जिसके चलते उनके निवास मे भाजपा कार्यकर्ताओ, मित्रों,नागरिकों को भीड़ लगा रहा। सभी लोगों ने जन्मदिवस के अवसर पर उन्हे शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना की वहीं पर मुंह मीठा भी कराया। अवतरण दिवस को लेकर रामूराम साहू ने स्वामी विवेकानंद के जयंती पर उनके मूर्ति पर माल्यापण कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की उसके बाद अपने निवास मे पहुंचे लोगों से मुलाकात का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उनके कार्यक्रम मे भुनेश्वर साहू, अशोक साहू, नोसराम साहू, भुवन साहू, उत्तम राजवंशी, अरूण सिन्हा, दशरथ देवांगन, केडी सोनवानी, दीपक पोद्दार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### आरएसएस के हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रसेवा व अनुशासन पर जोर




**अभनपुर।** नवा रायपुर के सेक्टर-29 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं जयंती के अवसर पर विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय समाज को उसके सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरेंद्र त्रिपाठी, सेवानिवृत्त भारतीय सेना अधिकारी एवं वर्तमान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम ) रहे। मुख्य वक्ता निश्चय वाजपेई (केंद्रीय टोली सदस्य, हिन्दू जागरण मंच) रहे। उन्होंने हिन्दू समाज की एकता और जागरूकता को राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बताते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं स्वाधारित जीवन शैली को समय की आवश्यकता बताया। डॉ. हरेंद्र त्रिपाठी अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले सौ वर्षों से सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। अनुशासन, संगठन और सेवा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए उन्होंने युवाओं से समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित भगवताचार्य कमल कृष्ण प्रिया ने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारों का बीजारोपण परिवार से होता है और समाज निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और स्वाधारित जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

**मनरेगा बचाओ संग्राम : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा**

# गांव -गांव तक पहुंचेगा मनरेगा बचाव संग्राम अभियान : सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



तहसील मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 'मनरेगा' (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के ढांचे में किए जा रहे बदलावों और इसे बंद करने की कथित साजिश के खिलाफ 'मनरेगा बचाओ अभियान' का शंखनाद किया गया। बैठक में आगामी रणनीति तय करते हुए निर्णय लिया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता सभी ग्राम पंचायतों में जाकर नुक्कड़ सभाएं करेंगे, चौपाल लगाएंगे और पर्चा वितरण के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की यह अभियान लगातार 26 जनवरी तक चलेगा। हम पंचायत स्तर पर लोगों को बताएंगे कि कैसे केंद्र सरकार की नीतियां मजदूरों के हक छीन रही हैं। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**गरीबी नहीं, गरीबों को खत्म करना चाहती है सरकार-** अभियान के ब्लॉक प्रभारी सुनिल तिवारी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, भाजपा सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है। मनरेगा पिछले 20 वर्षों से करोड़ों मजदूरों की जीवन रेखा रही है। पहले पंचायतों के पास विकास कार्यों का अधिकार था, लेकिन अब केंद्र सरकार इसे छीनकर पूरी व्यवस्था को बदलना चाहती है।

**मजदूरों के अधिकारों पर हमला: डीके ठाकुर-** सह-प्रभारी डीके ठाकुर ने कहा कि मनरेगा में किए गए बदलाव ग्रामीण मजदूरों के 'काम के अधिकार' पर सीधा हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिस तरह मोदी सरकार को तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था, उसी तरह मनरेगा में किए गए मजदूर विरोधी बदलावों को भी वापस लेना होगा। कांग्रेस इसके लिए सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता टीकमसिंह कपिल, शाहिद मेमन, खेलन साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, सुकचंद ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, राजकुमार गोस्वामी, रमेश वर्मा, देवेंद्र साहू, तनवीर राजपूत, भानु सिन्हा, जाकिर रजा, लिकेश यादव, पुनित ध्रुव, बहुरसिंग ध्रुव और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सशक्त महिला राष्ट्र की बड़ी ताकत : रश्मि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

भाजपा महिला महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा के प्रथम नवापारा आगमन पर भाजपा महिला संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नवापारा नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के नेतृत्व में नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के स्वागत सम्मान में आयोजित विशेष कार्यक्रम तर्री रोड स्थित ऋषिदास सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू, विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने शिरकत की। भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों ने जिलाध्यक्ष रश्मि वर्मा के प्रथम नगर आगमन पर भारी उत्साह से फूल माला एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्द किया। उक्त अवसर में रायपुर ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष रश्मि वर्मा ने महिला कार्यकर्ताओं को संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने की अपील की। जिलाध्यक्ष वर्मा ने कहा कि शसक्त महिला राष्ट्र की बड़ी ताकत है। महिला शक्ति एवं संगठन के उत्कृष्ट कार्य भारत विकसित राष्ट्र की परिकल्पना अवश्य हासिल करेगा। महिला मोर्चा के कार्यकर्ता गरीब एवं वंचित लोगो को शासन की योजनाओं से अवगत कराए एवं उन्हें लाभ दिलाने का भरसक प्रयास करे। विधायक इंद्रकुमार साहू ने रश्मि वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने में महिलाओं की विशेष आशीर्वाद मिला है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार महिलाओं के स्वालंबन के लिए कई योजनाएं चला रही है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ से महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिला है। स्वागत समारोह में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री साधना सौरज, धनमति साहू, नीता धीवर, पद्मिनी सोनी, लता टांडे समेत बड़ी संख्या में महिला भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोमनाथ तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटें : मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर एक हजार साल पहले हुए हमले को लेकर मलेवा अंचल भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। 10 जनवरी को सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के एक हजार पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम कुडेरादादर के कुडलेश्वर महादेव मंदिर में मलेवा अंचल भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने कुंडेश्वर शिव जी का विशेष पूजा अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। इसी कड़ी में सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, सेवक राम साहू, दिनेश साहू, सहित लोगों ने कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है,जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई है। सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। न मंदिर नष्ट हुआ न भारत : ये भी संयोग है कि आज एक हजार साल पूरे हो रहे है और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आक्रांताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रही, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ,न ही भारत। हमारे पुरखों ने जान की बाजी लगा दी थी, अपनी आस्था के लिए अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। इस मौके पर दीपचंद साहू, कृष्णा साहू, समारू सोरी, अशोक अग्रवाल, नोहर अग्रवाल, जगदीश सेन, विष्णु नेताम, संतराम जगत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## कृषि कॉलेज गरियाबंद के छात्रों ने केवीके महासमुंद में लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र गरियाबंद के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों का रावे कार्यक्रम के तहत आयोजित संस्थागत संलग्नता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) महासमुंद में आयोजित यह प्रशिक्षण 9 जनवरी 2026 को पूर्ण हुआ, जिसमें भविष्य के कृषि वैज्ञानिकों ने जमीनी स्तर की चुनौतियों और समाधानों को करीब से सीखा। इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यार्थियों ने केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न फील्ड गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्रों को केवीके की कार्यप्रणाली, किसानों के साथ संवाद कौशल, फील्ड डेमोंस्ट्रेशन (क्षेत्र प्रदर्शन) तथा कृषि विस्तार गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके व्यावसायिक भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**नवाचार और दक्षता का संदेश-** कार्यक्रम के समापन पर गरियाबंद और महासमुंद कृषि महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं (डीन) ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को कृषि क्षेत्र में पूरी निष्ठा, आधुनिक नवाचार और व्यावसायिक दक्षता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। केवीके महासमुंद के प्रमुख आरएल शर्मा ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी वैज्ञानिकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. अनुराग तोमर, अधिष्ठाता (कृषि महाविद्यालय महासमुंद), डॉ. गिरिजेश शर्मा, कृषि महाविद्यालय गरियाबंद, आरएल शर्मा, प्रमुख (केवीके महासमुंद), लेख राम वर्मा, रावे समन्वयक, डॉ. अविनाश कुमार गौतम, सह-समन्वयक इसके साथ ही डॉ. चौरसिया, डॉ. साकेत दुबे एवं डॉ. सुबोध कुमार प्रधान उपस्थित रहे।

## पुनीत राम को किसान मोर्चा में अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर निवासी और भाजपा के वरिष्ठ नेता पुनीत राम सिन्हा को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नई जिम्मेदारी और नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा परिक्षेत्र देवभोग के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों में हर्ष की लहर है। पुनीत राम सिन्हा की नियुक्ति के बाद समाज के पदाधिकारियों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें फूल-माला पहनाई और मिठाई खिलाकर बधाई दी। समाज के लोगों ने कहा कि पुनीत राम सिन्हा की यह नियुक्ति क्षेत्र के किसानों और समाज के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर पुनीत राम सिन्हा ने भाजपा संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों के हितों और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने समाज द्वारा मिले इस सम्मान के लिए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से संरक्षक तुलसी राम सिन्हा, मंडलेश्वर खेमराज सिन्हा, उप मंडलेश्वर ओंकार सिन्हा, सचिव सुरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष अरुण सिन्हा उपस्थित रहे। साथ ही भजन राम सिन्हा, भोजराज सिन्हा, जगदीश सिन्हा, गणेश सिन्हा, रामप्रसाद सिन्हा, डोमार सिन्हा, मनोज सिन्हा, अजय सिन्हा, मुकेश सिन्हा, केशर सिंह सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष गौरीबाई सिन्हा और तरंगिनि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सिन्हा समाज के लोग शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने विवेकानंद की जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया

**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी कि जयंती पर माल्याअर्पण कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, महामंत्री भुवनलाल साहू, प्रेमलाल टोडर, दशरथ सिन्हा, अरुण सिन्हा, डॉ. सन्तराम साहू, सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, तुलाराम साहू, शीतल साहू, रवि साहू, डिगेश साहू, रोशन साहू, खिलवान



सोनवानी, चिंतराम, जगदेव सिन्ह, होरीलाल, रामकिसुन साहू, पार्षद पदमा यदु, पार्षद शांति कोसरे, संतोषी श्रीवास्तव, वीणा निषाद, अनीता शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वार्ड 9 चौक को अब बहादुर कलारिन के नाम से जाना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर पंचायत छुरा के कार्यालय में सोमवार को सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के विकास, जनहित और आगामी राष्ट्रीय पर्व की तैयारियों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

> ■ नपं छुरा की सामान्य सभा में विकास कार्यों पर लगी मुहर

बैठक की शुरुआत आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के साथ हुई। इसके साथ ही, नगर के सभी वार्डों में लंबित विभिन्न निर्माण कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति दी गई।

**बहादुर कलारिन के नाम होगा वार्ड 9 का चौक-** इस बैठक का एक प्रमुख आकर्षण वार्ड क्रमांक 9 के चौक का नामकरण रहा। जनभावनाओं और प्राप्त आवेदनों के आधार पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड क्रमांक 9 के चौक का नाम 'बहादुर कलारिन' के नाम पर रखा जाएगा। इसके अलावा, वार्ड क्रमांक 10 स्थित मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण और विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए।

**सामाजिक कल्याण और पेंशन योजनाओं पर निर्णय-** बैठक में बड़ी संख्या में प्राप्त नामांतरण आवेदनों, सामाजिक सहायता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के प्रकरणों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से मिलना चाहिए।

**मितानीन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भूमि आबंटन-** नगर की मितानीनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत भूमि आबंटन के आवेदनों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया। इसके अतिरिक्त, प्लेसमेंट कर्मचारियों की आपूर्ति और नगर पंचायत के अधीन दुकानों के आबंटन (नियाज अहमद के आवेदन) जैसे प्रशासनिक विषयों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**पारदर्शिता के साथ विकास है लक्ष्य: अध्यक्ष-** अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा की हमारा मुख्य लक्ष्य पारदर्शिता के साथ नगर का सर्वांगीण विकास करना और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बैठक में पार्षदों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, उपाध्यक्ष समीम खान, विधायक प्रतिनिधि भवानीशंकर सैन, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव सहित पार्षद हरीश यादव, संगीता अजय दीक्षित, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, यामीन (ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन और कर्मचारी गण जितेंद्र पाटकर एवं वीरेंद्र ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## श्री राम प्रभात शाखा ने विवेकानंद प्रतिमा परिसर में चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर श्री राम प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा हरिहर हाई स्कूल परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा प्रांगण में सेवा कार्य के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। सेवा कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों का स्मरण किया। इस दौरान नंद के आनंद की जय विवेकानंद की एवं स्वामी विवेकानंद की जय के उदघोष लगाए गए, जिससे परिसर राष्ट्रभक्ति एवं युवाशक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों, सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के संदेश से प्रेरित करने का उद्देश्य रखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सोनकर समाज के प्रमुख पवन सोनकर,प्रदीप मिश्रा, योगेश यादव, हेमलाल खूंटे,मुकेश निषाद, फत्ते तारक, सोहेंद्र साहू, दिलीप यादव, गौरव सामनानी, पुखराज साहू, सेवक साहू, हेमंत साहू आदि सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप



### आरएमए के कैलेंडर का किया विधायक साहू ने विमोचन

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ आर.एम.ए. एसोसिएशन जिला रायपुर के पदाधिकारियों ने अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू से सौजन्य भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान एसोसिएशन द्वारा तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक श्री साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। विधायक श्री इंद्र कुमार साहू ने एसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए संगठन को समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आर.एम.ए. एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष हरिमोहन सिंग, संभाग अध्यक्ष डीएस नेताम, जिला सचिव पंकज कदम,नवीन पांडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### भीम रेजीमेंट रामानुज नेताम गरियाबंद जिला अध्यक्ष बने

**मैनपुर।** भीम रेजीमेंट गरियाबंद के रामानुज नेताम को गरियाबंद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ गैर राजनीतिक संगठन का प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई साथ ही भीम रेजीमेंट जिलाध्यक्ष की नवीन जिम्मेदारी मैनपुर ब्लॉक के रामानुज नेताम को नियुक्त की गई है। इसी क्रम गरियाबंद जिले के ऊर्जावान और सामाजिक कार्योर् में अग्रणी रहने वाले छबि साहू पूर्व जिलाध्यक्ष को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से प्रभावित होकर शीर्ष नेतृत्वकर्ताओं द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा विंग) छग की नई जिम्मेदारी सौंपा गया। यह नियुक्ति संगठन के संस्थापक दिनेश चतुर्वेदी व सह संस्थापक आर के डहरिया के अनुशंसा पर की गई है। जिस पर दोनों नव नियुक्त साथी द्वारा शीर्ष नेतृत्वकर्ता को उनके प्रति आभार व्यक्त कर संगठन के नियमों का पालन करते हुए समाज में निरंतर समाजसेवा, निष्ठा व ईमानदारी समर्पण के साथ अपनी सक्रियता पूर्ण जिम्मेदारी निर्वहन करने की बात कही। साथ ही इस नियुक्ति पर जिले में समाजजन के साथ संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है।



## निधन

### हठयारिन साहू

**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा निवासी 75 वर्षीय हठयारिन साहू का 11 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय कोपेश्वरनाथ मुक्तिधाम में किया गया। वे टिकेश्वर, मुकेश एवं खिलेश्वर साहू की माता जी थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिक जन शामिल हुए।



**बैठक :** बैठक में शीघ्र कार्य प्रारंभ करने पर सहमति, सफाई के लिए समिति बनाई गई

# महानदी की स्वच्छता के लिए विधायक की बड़ी पहल, युद्धस्तर पर शुरू होगा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम क्षेत्र में जीवनदायिनी महानदी की सफाई एवं संरक्षण को लेकर विधायक रोहित साहू ने एक बार फिर ठोस पहल करते हुए सोमवार को एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। इस बैठक में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ,राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल , धनराज मध्यानी, विकास तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं रायपुर एवं गरियाबंद के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य महानदी की नियमित सफाई, गंदगी हटाने, तटों के सौंदर्यीकरण तथा नदी की स्वच्छता से जुड़े कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करना रहा।

नदी की सफाई को लेकर कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक रोहित साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महानदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और जीवनरेखा है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह कार्य केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनभावना, आस्था और अस्तित्व से जुड़ा विषय है। महानदी राजिम की पहचान है और इसकी स्वच्छता को लेकर जनता लंबे समय से प्रतीक्षा कर रही है। अब समय आ गया है कि जमीनी स्तर पर ठोस और दिखाई देने वाला काम शुरू हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी व प्रशासनिक अड़चनों को तत्काल दूर कर सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने विधायक की इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि महानदी की सफाई को लेकर आम नागरिकों में गहरी अपेक्षा है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अंतरजिला समन्वय के साथ कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है और बहुत जल्द नदी तटों पर सफाई कार्य शुरू होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को जल्द पूर्ण कर सफाई कार्य तत्काल शुरू किया जाए, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। विधायक रोहित साहू के इस प्रभावशाली रुख से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि महानदी की स्वच्छता अब केवल घोषणा नहीं, बल्कि प्राथमिकता का मुद्दा बन चुकी है। बैठक में मौजूद पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि महानदी की सफाई एक महत्वपूर्ण पुण्य का काम है अतएव अधिकारी वर्ग सजगता के साथ इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ करे। अधिकारियों ने बताया कि अंतरजिला समन्वय के माध्यम से तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं को अंतिम रूप दिया जाएगा तथा बहुत जल्द जमीनी स्तर पर कार्य दिखाई देगा। इस पहल से क्षेत्रवासियों में आशा जगी है कि आने वाले समय में महानदी अपने स्वच्छ और निर्मल स्वरूप में नजर आएगी तथा धार्मिक, पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टि से राजिम को नया आयाम मिलेगा।

नदी सफाई अभियान के लिये एक समिति का गठन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व सांसद एवं राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, धनराज मध्यानी, विकास तिवारी, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, फिंगेश्वर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, व्यापारी सदस्य अजय साहू, लालचंद मेघवानी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा, आलोक पहाड़िया, प्रवीण देवांगन समिति में शामिल है।







### त्रिवेणी संगम की हालत अत्यंत चिंतनीय

विधायक रोहित साहू ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी त्रिवेणी संगम की हालत अत्यंत चिंतनीय है। यंहा हजारों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है साथ ही प्रतिवर्ष 15 दिनों का भव्य कुंभ कल्प मेला का आयोजन होता है इस कारण नदी की सफाई नितांत आवश्यक हो गया है। इसलिए शासन एवं जन सहयोग से नदी की सफाई करने का बीड़ा उठाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक राजिम रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, धनराज मध्यानी, विकास तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं रायपुर एवं गरियाबंद के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

सोमवार को रेस्ट हाऊस राजिम में विधायक रोहित साहू की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक हुई। जिसमें महानदी की सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों राजिम विधायक रोहित साहू ने रायपुर, गरियाबंद एवं धमतरी जिला के जनप्रतिनिधियों के साथ सर्वदलीय बैठक कर त्रिवेणी संगम की सफाई के लिये विचार विमर्श किया था। नदी की सफाई कराए जाने की जानकारी विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया था। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों को तत्काल उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था सो रायपुर एवं गरियाबंद के विभागीय अधिकारी राजिम पहुंचे। वे विधायक रोहित साहू के साथ नदी क्षेत्र का निरीक्षण किए। नदी सफाई के संबंध में विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर जल्द कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा।

## सोरिद खुर्द में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम सोरिद खुर्द में 12 से 16 जनवरी तक पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस महायज्ञ का शुभारंभ कलश शोभायात्रा निकालकर कर किया गया। कलश शोभायात्रा गायत्री मंदिर प्रांगण से गांव के पूरे गली मुहल्लों होते हुए शीतला माता तालाब से जल लेकर बाजे -गाजे के साथ राम नाम भजते गाते निकाली गई जिसमें ग्राम के सैकड़ों महिलाओं ने कलश निकाली गई। यह आयोजन समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से श्रीसीताराम जी, श्री हनुमान जी की असीम कृपा एवं सद्गुरूदेव के आशीर्वाद से एवं आध्यात्मिक चेतना के लिए श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में ब्रह्मलीन श्रीश्री 108 संत श्री सियाभुवनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामण्डलेश्वर सन्त श्री सिया गोर्वधन शरण जी महाराज एवं समस्त ग्रामवासीयों द्वारा सम्पन्न होगा। यज्ञ हवन शुभारंभ सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।



## शासन की योजनाओं से रूबरू हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही में सोमवार, 12 जनवरी को श्रम विभाग एवं साथी समाजसेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर उत्साह दिखाया और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। नए पंजीयन और नवीनीकरण पर रहा जोर शिविर का मुख्य उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का नया पंजीयन करना, पुराने कार्डों का नवीनीकरण करना और आधार आधारित पहचान सुनिश्चित करना था। इस दौरान मौके पर ही पात्र श्रमिकों के नए कार्ड बनाए गए और पुराने कार्डों को अपडेट किया गया ताकि उन्हें निरंतर सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलता रहे। इन योजनाओं की दी गई जानकारी श्रम विभाग की समाज कल्याण निरीक्षक प्रीति ठाकुर ने श्रमिकों को मिलने वाले विभिन्न लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि कार्डधारी श्रमिकों को बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता, विवाह एवं प्रसूति सहायता, औजार क्रय करने के लिए आर्थिक मदद, मृत्यु सहायता एवं आवास सहायता जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक श्रमिकों को पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। साथी समाजसेवी संस्था के जिला समन्वयक श्रीराम साहू ने बताया कि उनकी संस्था मजदूरों के अधिकारों और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार जमीन पर कार्य कर रही है। संस्था का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मजदूर जानकारी के अभाव में शासकीय लाभ से वंचित न रहे। शिविर में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति इस सफल आयोजन में श्रम विभाग से ऑपरेटर गणेश साहू, सहायक ग्रेड-3 सोनल साहू उपस्थित रहे। वहीं साथी समाजसेवी संस्था से जन साथी परमेश्वर साहू, मीनू वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि और उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस पहल को ग्रामीणों ने खूब सराहा, क्योंकि इससे उन्हें गांव में ही सरकारी योजनाओं से जुड़ने और अपने अधिकारों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।



ग्राम जमाही में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर

## प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए मंच प्रदान किया गया। नन्हे विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके महान आदर्शों और युवाओं के लिए दिए गए उनके प्रेरक संदेशों पर अपने-अपने विचार साझा किए। इस गतिविधि से बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि उनकी भाषण शैली और वक्तृत्व क्षमता का भी विकास हुआ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी जी के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने और एक बेहतर नागरिक बनने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

### सीआईएसएफ की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे योगेन्द्र का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम कोरासी के युवा योगेन्द्र कुमार ठाकुर सी आई एस एफ ट्रेनिंग सेंटर आरटीसी देवली राजस्थान से ट्रेनिंग पुरा कर घर वापसी रविवार 11 जनवरी को शाम को हुआ। योगेन्द्र कुमार के वापसी पर समस्त ग्रामवासी एवं माता पिता ने भव्य स्वागत फूल माला डीजे के साथ नाचते झूमते किया गया। ग्रामीणों एवं माता-पिता सहित समस्त परिवार में भारी उत्साह रहा गांव के युवा के महेनत और उसके कामयाबी पर सभी ने बधाई दी गई। वहीं माता अमरीका बाई पिता हेम सिंह ठाकुर ने अपने पुत्र की इस कामयाबी को देख कर आंखों में गदगद हो गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल अजय सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच कुमारी बाई ध्रुव, भोज राम ध्रुव, ईश्वर दीवान, सोभना ठाकुर, किरण ठाकुर, तुलसी बाई ध्रुव, चुमेश्रर ध्रुव, रमेश कुमार ध्रुव, टोमन ध्रुव, चैन सिंह ध्रुव तेजराम ध्रुव, भारत ध्रुव, निधी राम ध्रुव, सुभाष ध्रुव, द्रोण दीवान, हितेश कुमार ध्रुव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज का वार्षिक महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- सामाजिक भवन निर्माण और कुरीति उन्मूलन पर रहा जोर

ब्लॉक मुख्यालय से 20 किमी दूर ग्राम मरदाकला में अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज का भव्य वार्षिक महासम्मेलन और बैठक संपन्न हुई। इस आयोजन में समाज की एकता, अखंडता और विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ 'बड़ादेव' की पूजा-आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात समाज के उन दिवंगत सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनका पिछले एक वर्ष में निधन हुआ है। बैठक में समाज के वार्षिक आय-व्यय का विवरण उपस्थित मातृशक्ति, पितृशक्ति और युवा शक्ति के समक्ष रखा गया। महासम्मेलन में मैनपुरखुर्द में बन रहे अमात भवन की प्रगति रिपोर्ट साझा की गई। यह भवन भाठीगढ़ राज के 1800 परिवारों द्वारा दिए गए 500 रुपये प्रति परिवार अंशदान, समाज के सयानों और कर्मचारी-अधिकारी वर्ग के सहयोग से निर्मित हो रहा है। इस पुनीत कार्य को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने भी अपने निधि से सहयोग राशि प्रदान की है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और नशामुक्ति पर चर्चा-** समाज के वरिष्ठ सयानों ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के महत्व पर प्रकाश डाला। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें नशापान से दूर रहने और स्वरोजगार व व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही समाज के पारंपरिक रीति-रिवाज और नेंग-दस्तूर को अक्षुण्ण बनाए रखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुखराम नागेश, सचिव रामेश्वर कपिल और सह-सचिव महेंद्र फरस व चंद्र किशोर नागेश ने किया। सभापति प्रेमसाय जगत, उपसभापति कन्हैयालाल ठाकुर और गुजरात सिंह कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ सयानागण अमृतलाल नागेश, केजुराम नागेश, टीकमसिंह कपिल, डॉ. मनमोहन सिंह ठाकुर सहित तेरह सर्कल के हजारों महिला-पुरुष और युवा उपस्थित थे। महिला प्रकोष्ठ से हेमबाई मरकाम, ममता मरकाम, चन्द्रकुंवर दीवान, बिमला बाई ध्रुवा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सामाजिक विकास के मुद्दों पर अपनी बात रखी।






